न्यायालय जिला कलक्टर एवं मजिस्ट्रेट, श्रीगंगानगर

अपील सूचना अधिकार संख्या 22 / 2025(GCMS 2025/204)

श्री राकेश कुमार पुत्र श्री कृष्ण लाल निवासी मकान नं. 84, 13 डीओएल, "ए" 13 डीओएल, रावला मोबाईल नम्बर 97835–97888

बनाम

तहसीलदार (राजस्व), रावला

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

30.06.2025

पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी राकेश कुमार स्वयं नहीं हुए। पत्रावली का अवलोकन किया, तो पाया कि अपीलार्थी ने तहसीलदार (राजस्व), रावला से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत अपने आवेदन पत्र दिनांक 20.10.2024 से पांच बिन्दुओं की सूचना चाही थी, जो सहायक लोक सूचना अधिकारी ने उसे निश्चित समय सीमा में उपलब्ध नहीं करवाई है इसलिए उसने लोक सूचना अधिकारी से वांछित सूचनाएं उपलब्ध करवाने की प्रार्थना के साथ यह अपील है।

मैनें, पत्रावली का अवलोकन किया तो पाया कि अपीलार्थी श्री राकेश कुमार ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत अपने आवेदन पत्र दिनांक 20.10.2024 के द्वारा लोक सूचना अधिकारी से निम्न पांच बिन्दुओं की सूचना चाही थी :

1. जमीन का नक्शा प्राप्त करने के लिए पटवारी द्वारा नियमानुसार कितना शुल्क लिया जाता है।
2. जमीन की गिरदावरी देने के लिए पटवारी द्वारा नियमानुसार कितना शुल्क लिया जाता है?
3. पटवारी रचना के अंतर्गत कौन कौन से पटवार हल्का है?
4. पटवावरी रचना के अंतर्गत [illegible]ले पटवार हल्कों में उनके द्वारा वर्ष 2022, 2023 एवं 2024 में [illegible] नक्शा, गिरदावरी एवं जमीन नामांतरण बाबत कितना राजस्व एकत्रित किया गया है [illegible]ड़ बही की प्रमाणित प्रतिलिपि प्रदान करें।

Signature Not Verified
Digitally signed by Manju
Date: 2025.07.23 16:01:37 IST
Reason: SelfAttested

जिला कलक्टर
श्रीगंगानगर

5. पटवारी रचना के अंतर्गत आने वाले पटवार हल्कों में उनके द्वारा फसल खरीफ वर्ष 2024 की कुल कितनी पप–35 क्रमांक एवं बिना पी–35 क्रमांक वाली गिरदावरी जारी/प्रदान की गई है एवं उनसे कितना राजस्व एकत्रित हुआ है, पटवार हल्का अनुसार सूचना प्रदान करें।

सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार (राजस्व) रावला ने अपने पत्रांक आरटीआई/11 दिनांक 16.06.2025 से अपील का जवाब निम्नानुसार प्रेषित किया है:

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि अपीलार्थी श्री राकेश कुमार द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत दिनांक 24.10.2024 को आवेदन क्रमांक 447280950031126 के द्वारा आवेदन कर सूचना चाही गई थी।

श्रीमानजी अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना कार्यालय हाजा के पत्रांक/भू.अ.नि./2024/1813 दिनांक 12.12.2024 को जरिये रजि. डाक CR326401049 IN IVR; 678232640104 अपीलार्थी को उपलब्ध करवा दी गई थी, जिसकी प्रति संलग्न है। सूचना श्रीमानजी को आगामी कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार (राजस्व) रावला ने अपने पत्रांक 1813 दिनांक 12.12.2024 से अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध करवाई जा चुकी है, जो सही है, जिसमें किसी प्रकार के हस्तक्षेप की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है। इसलिए अपीलार्थी की अपील स्वीकार करने योग्य नहीं है।

अतः उक्त विवेचन के आधार पर अपीलार्थी की अपील खारिज की जाती है। आदेश की प्रति सहायक **लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार (राजस्व), रावला** को पालनार्थ एवं अपीलार्थी को आदेश की प्रति सूचनार्थ भिजवाई जावे। **पत्रावली** बाद तरतीब तकमील दाखिल [illegible] हो।

यह आदेश आज दिनांक 30.0[illegible] को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(डॉ. मन्जू)
जिला कलक्टर
श्रीगंगानगर

Signature Not Verified
Digitally signed by Manju
Date: 2025.07.23 16:01:37 IST
Reason: SelfAttested